क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ।

पत्रांकः 01-03 /प्रेस विज्ञप्ति/शि0मा0द0के0/2024–25 दिनांकः 01 अप्रैल 2024

निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेस विज्ञप्ति
आरक्षित वर्ग के बेरोजगारों हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लालबाग, लखनऊ के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्गों के अभ्यर्थियों हेतु **2024–2025 सत्र के लिए वार्षिक निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाना है।**

उक्त प्रशिक्षण सत्र हेतु अनुसूचित जाति/ जन जाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु कुछ स्थान अभी भी रिक्त है।

इस हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टर पास (**हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ) तथा आयु सीमा 18–वर्ष से 35–वर्ष के मध्य होनी चाहिए।** उक्त केन्द्र में अभ्यर्थियों को तृतीय श्रेणी की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निम्नांकित विषयों में यथा– सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित सामान्य अंग्रेजी, कम्प्यूटर, टंकण एवं आशुलिपि आदि विषयों में तैयारी करायी जाती है। **अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों से दिनांकः 03 अप्रैल 2024 से दिनांकः 16 अप्रैल,2024 के मध्य कार्यालय दिवस में कमरा नं0–20 से आवेदन पत्र प्राप्तकर समस्त संलग्नकों सहित भरकर कमरा नं0–20 में ही जमा कर सकते है।** अभ्यर्थी अपनी समस्त शैक्षिक योग्यताओं, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा अपनी एक फोटो आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें। इस हेतु अभ्यर्थी को कोई मार्ग व्यय आदि देय न होगा।

Prayag

सहायक निदेशक (सेवा0)
~~लखनऊ मण्डल,~~
लखनऊ
O/C
क्षेत्रीय कार्यालय मण्डल लखनऊ

पत्रांकः 01-03 /प्रेस विज्ञप्ति/शि0मा0द0के0/2024–25

सेवा में,

1. सहायक निदेशक, सूचना जिला सूचना कार्यालय, लखनऊ को स्थानीय समाचार पात्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
2. सम्पादक महोदय,

   दैनिक जागरण/ अमर उजाला/ हिन्दुस्तान/ राष्ट्रीय सहारा/ नव भारत टाइम्स/ आज को इस आशय से उपरोक्त प्रेस–विज्ञप्ति अपने सम्मानित दैनिक समाचार पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. प्राचार्य महोदय,

   समस्त महाविद्यालय, लखनऊ करे इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को जानकारी प्राप्त हो सके।

Prayag

सहायक निदेशक (सेवा0)
~~लखनऊ मण्डल,~~
लखनऊ
O/C
क्षेत्रीय कार्यालय मण्डल

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लालबाग, लखनऊ।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे आरक्षित वर्ग(अनु0जाति/जनजाति, अ0पि0व0) के अभ्यर्थियों के लिए

सुनहरा अवसर

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय , लालबाग, लखनऊ में संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र (कोचिंग) में सत्र 2024–2025 के लिए अवशेष सीटो पर प्रवेश प्रक्रिया जारी।

अभ्यर्थियों को प्राप्त लाभ

- शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विद्यार्थियों को कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों यथा सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, कम्प्यूटर, टंकण, एवं आशुलिपि आदि विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जो उनकी रोजगारक्षमता में वृद्धि लाता है।
- प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को **दो सौ रुपया प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति।**
- समय–समय पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन की व्यवस्था।

प्रवेश हेतु अर्हताएं

- अनुसूचित जाति /जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी।
- न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट पास (हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ)।
- आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष।

आवश्यक दस्तावेज

- समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।
- एक पासपोर्ट साइज फोटो।

नोटः– प्रवेश सीमित सीटो पर ही उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, 6 जे0सी0 बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ के कमरा न0–20 अथवा नीचे दिये गये सम्पर्क सूत्रों से आवेदन पत्र प्राप्त कर शीघ्र आवेदन करें।

सम्पर्क सूत्रः–

9451175927/8840436670/9473560811/7398966695/9794448165